मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY : UDAIPUR

Website:www.mlsu.ac.in
E-mail-registrar@mlsu.ac.in
Phone:0294-2470166

क्रमांकःप. / 20 / सामान्य / मोलासुविवि / 2023 / 353 दिनांक : 19.01.2023

अधिसूचना

प्रायः देखा गया है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में छात्र अनुचित मांगों पर अल्प समय में विश्वविद्यालय प्रशासन पर विधि विरूद्ध दबाव बनाये जाने हेतु धरना प्रदर्शन, भूख हडताल एवं आमरण अनशन के साथ ही अनुचित तरीके अपनाते हैं।

इस सम्बन्ध में एतद् द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्र–प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि वो अपनी जायज व नैतिक मांगों के लिए नियमानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय अधिष्ठाता के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रेषित करावें, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमों व अधिनियमों के तहत विचार किया जाकर समुचित कार्यवाही की जावेगी।

अतः छात्र एवं छात्र –प्रतिनिधि सूचित हो कि वे अनुचित मांगों के लिए तथा बिना पूर्वानुमति महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के कार्यालयों पर तालाबंदी, धरना प्रदर्शन एवं अनुचित गतिविधि किये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विश्वविद्यालय नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं आवश्यक होने पर कानूनी कार्यवाही भी की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

(छोगाराम देवासी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रस्तुत है :–

1. समस्त अधिष्ठाता / निदेशक.., मोलासुवि, उदयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त अधिसूचना की पालन सुनिश्चित करावें।
2. निदेशक, कम्प्यूटर सेन्टर को भेजकर लेख है कि उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रकाशित करावें।
3. परीक्षा नियंत्रक, मोलासुवि, उदयपुर।
4. निजी सचिव–कुलपति महोदय / अति. निजी सचिव–कुलसचिव महोदय, मोलासुवि, उदयपुर।
5. रक्षित पत्रावली।

(छोगाराम देवासी)
कुलसचिव